एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

सोमवार, 22 जून 2026, वर्ष 7,

PAGE NO : 06 MIDDLE

योग को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प

बरेली, अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी शैक्षिक संस्थानों में एसआरएमएस सीईटी, सीईटीआर, नर्सिंग और मेडिकल कालेज में रविवार को विश्व योग दिवस मनाया गया। शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र- छात्राओं ने इसमें उत्साह पूर्वक भाग लिया। योग को जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला ने शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए योग को महत्वपूर्ण बताया। नर्सिंग कालेज में प्रिंसिपल डा .मुथु महेश्वरी के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया।